**PRACTICE PAPER (2022-23)**

**Class : 10th** **Code - B**

**Roll No.** | | | | | | | | | | |

**हिन्दी**

**HINDI**

**(ACADEMIC/OPEN)**

**Time allowed: 3 Hrs.** **M.M.-80**

---

- **कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 तथा प्रश्न 14 हैं।**
- **प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख्य–पृष्ठ पर लिखं।**
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- **उत्तर–पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।**
- **उत्तर–पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।**
- **परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न–पत्र पर अवश्य लिखें।**
- **कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

---

**नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।**

प्रश्न 1. (क) (i) 'मृग' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें। 1

(ii) 'कनिष्ठ शब्द का विलोमार्थी शब्द लिखिए। 1

(ख) (i) गुण संधि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) 'मनोयोग' शब्द का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए। 1

(ग) (i) 'विद्यालय' शब्द समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए। 1

(ii) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए उन्हें वाक्य में प्रयोग कीजिए– 2

(i) कलम तोड़ना (ii) आस्तीन का सांप

(घ) (i) 'पर' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाइए। 1

(ii) 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाइए। 1

प्रश्न 2. (क) अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) दोहा छंद का लक्षण उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए: 5

(क) परीक्षा में नकल की बुराई (ख) मंहगाई की समस्या (ग) हमारे राष्ट्रीय एकता

(घ) पर्यावरण संरक्षण (ड) होली

प्रश्न 4. विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था हेतु मुख्यध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

योग का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। 5

(खण्ड–ख)

प्रश्न 5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1x8=8

(क) परशुराम के क्रोध को शांत करने का प्रयास किसने किया?

1. दशरथ 2. श्री राम ने 3. लक्ष्मण ने 4. जनक ने

(ख) भगवान कृष्ण के पावों में क्या बज रहे थे?

1. पाजेब 2. तगड़ी 3. नूपुर 4 झुंझुने

(ग) कवि ने मधुप किसे कहा है?

1. मन को 2. धन को 3. आकाश को 4. धरती को

(घ) 'अट नहीं रही है' कविता में किस मास का वर्णन है?

1. भादो 2. सावन 3. फागुन 4. चैत्र

(ड) 'फसल' कविता के रचनाकार हैं?

1. ऋतुराज 2. तुलसीदास 3. सूरदास 4. नागार्जुन

(च) 'प्रभुता' शब्द का अर्थ है–

1. वैभव 2 बढ़ाई 3 बड़प्पन 4 तीनों

(छ) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम' संवाद कविता रामचरित मानस के किस कांड से उद्धत है?

1 बालकांड 2 सुंदरकांड 3 अयोध्या कांड 4 लंका कांड

(ज) मां ने बेटी को किस पर न रीझने की सलाह दी?

1 अपने चेहरे पर 2 पति पर 3 गहनों पर 4 सभी पर

प्रश्न 6. गोपियों ने किन–किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं? 4

प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश के भाव एवं शिल्प–सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए– 4

फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी–काली–संदली मिट्टी का गुण–धर्म है रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की धड़कन का!

प्रश्न 8. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है? 2

(खण्ड–ग)

प्रश्न 9. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के विकल्प चुनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए: 1x8=8

(क) हालदार साहब को क्या आदत पड़ गई?

1. चौराहे पर रूकना 2. पान खाना 3. मूर्ति को ध्यान से देखना 4. उपयुक्त तीनों

(ख) 'तेरी गठरी में लागा चोर' गीत कौन गाया करते थे?

1. तानसेन 2. बैजू 3. गंधर्वसेन 4. बालगोविन भगत

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर व्यग्य किया गया है?

1. लखनवी नवाब पर 2. पतनशील सामंती वर्ग पर 3. सफेदपोश पर 4. उच्च वर्ग पर

(घ) लेखक ने 'देवदार' किसे कहा है?

1. पेड़ को 2. पर्वत को 3. नदी को 4. फादर कामिल बुल्के को

(ड) मन्नू भंडारी के पिता का शब्दकोश था?

1. शब्दवार 2. विषयवार 3. धरनावार 4. मुहारावार

(च) 'मुमानियत' का अर्थ है–

1. इंसानियत 2. व्यवहार 3. मुनासिब 4. पाबंदी

(छ) बिस्मिल्लाह खाँ के परदादा का नाम था?

1. सलार हुसैन खाँ 2. मीर बक्श खाँ 3. नईमुद्दीन खाँ 4. सादिक अली खाँ

(ज) सभ्यता किसका परिणाम है?

1. संस्कृति 2. शिक्षा 3. ज्ञान 4. शिष्टता

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 3x1=3

फादर बुल्के संकल्प से संन्यासी थे। कभी–कभी लगता है वह मन से संन्यासी नहीं थे। रिश्ता बनाते थे तो तोड़ते नहीं थे। दसियों साल बाद मिलने के बाद भी उनकी गंध महसूस होती थी। जब भी दिल्ली आते जरूर मिलते खोजकर समय निकालकर, गर्मी, सर्दी, बरसात झेलकर मिलते, चाहे दो मिनट के लिए ही सही यह कौन संन्यासी करता है।

1. पाठ व रचनाकार का नाम लिखिए।
2. फादर बुल्के कैसे संन्यासी थे?
3. दिल्ली आने पर फादर बुल्के किस से अवश्य मिलते थे?

प्रश्न 11. बालगोविन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी? 2

प्रश्न 12. यशपाल अथवा मन्नू भंडारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

(खण्ड–घ)

प्रश्न 13. कृतिका (भाग 2) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5x2=10

(क) 'माता का आंचल' पाठ के शीर्षक की उपयोगिता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक समझाइए।

(ख) मूर्तिकार ने सभापति को जॉर्ज पंचम की नाक का क्या विकल्प बताया?

(ग) झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था?

(घ) भारत के स्वाधीनता आंदोलन में दुलारी और टुन्नू ने अपना योगदान किस प्रकार दिया?

(ङ) 'सड़क सुरक्षा' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड–ङ.)

प्रश्न 14. नैतिक शिक्षा पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्नों क उत्तर दीजिए– 5x2=10

(क) महात्मा बुद्ध ने क्रोध के विषय में क्या कहा है ?

(ख) सालिम अली को 'बर्डमैन ऑफ इंडिया' क्यों कहा जाता है?

(ग) योग का संबंध संपूर्ण मानवता से है– उदाहरण सहित लिखे

(घ) भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था? वह किसकी शिष्या थी?

(ङ) वास्तव में सच्चा कर्म योगी कौन है?